जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2019/929 दिनांक 17/07/2019

// अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा मंत्रालय के पत्र क्रमांक : 579/284/अकादमिक शाखा-5(अ)/2016 भोपाल दिनांक : 17.08.2016 के निर्देशानुसार **B.A., B.Com., B.Sc. & B.Sc. (Home Science) Vth & VIth Sem (Special ATKT Exam of Single Paper System) (For College - Regular & Private ATKT Students) Exam Aug. 2019** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:-

विवरण	परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण			
	दिनांक एवं शुल्क विवरण	बी.ए.	बी.कॉम.	बी.एससी./ बीएससी. (होमसाइंस)
परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक	*27-07-2019*	*27-07-2019*	*27-07-2019*
	संस्थागत / असंस्थागत-एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क	*460/-* प्रति विषय	*460/-* प्रति विषय	*460/-* प्रति विषय
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रुपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	दिनांक	*30-07-2019*		
परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	दिनांक	*31.07.2019*		
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रुपये 1000/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	परीक्षा प्रारम्भ होने के 05 दिवस पूर्व तक			
परीक्षा आवेदन–पत्र रुपये 1000/– विलम्ब शुल्क सहित महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	परीक्षा प्रारम्भ होने के 03 दिवस पूर्व			

महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के लिए :–

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित/असंस्थागत परीक्षार्थी 60/– रू. नियमित/असंस्थागत भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 80/– रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/– रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। जिसमें से नियमित/असंस्थागत परीक्षार्थी 145/– रू. तथा नियमित/असंस्थागत भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 165/– रू. की राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा शेष अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 215/– रू. प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।

परीक्षा के आवेदन–पत्र ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें आप एम0पी0ऑनलाईन के G2G लॉगिन आइडी से महाविद्यालय से Approved कराने के उपरांत परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।

नोटः–

1. समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने के पूर्व यह सुनिश्चित करे की क्या छात्र दिये गये निर्देशानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता है या नहीं ? यदि अपात्र छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है तथा यदि कोई न्यायालयीन प्रकरण बनता है तो प्राचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।
2. प्रायः यह देखने में आ रहा है कि महाविद्यालय से जो भी परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की ओर अग्रेषित कर प्रेषित किये जा रहे है उनमें पिछले सेमेस्टर की अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर नहीं भेजे जा रहे है जिससे छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित करने में अनावश्यक कठिनाईयों का सामना विश्वविद्यालय को करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को उक्त कार्य करने हेतु पारिश्रमिक का भुगतान भी किया जाता है किन्तु फिर महाविद्यालय द्वारा त्रुटियां की जा रही हैं जिससे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल हो रही है।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रुप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)